# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं।

## विज्ञापन

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्रांक संख्या– 3153/एसएलएसए–99/2019 (Haider/Ri) दिनांकित 25.08.2022 एवं पत्रांक संख्या–2490/एसएलएसए–99/2019 (Haider) दिनांकित 01.07.2022 तथा पत्रांक संख्या– एलएडीसीएस/2022 दिनांकित 24.08.2022 के अनुपालन में जनपद भदोहीं में आपराधिक मामलों में वंचितों तथा कमजोर वर्ग की प्रतिरक्षा हेतु लीगल एड डिफेंस काउन्सिल की स्थापना की जानी है जिस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 26.08.2022 से 05.09.2022 तक निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे–

1. चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल– पद की संख्या– 01
2. डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल– पद की संख्या– 01
3. असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल– पद की संख्या– 02

**वेतनमान–**

1. चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल– रू0–60,000–70,000
2. डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल– रू0–30,000–50,000
3. असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल– रू0–20,000–30,000

**चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु आवश्यक योग्यता–**

1. आपराधिक मामलों के अन्तर्गत कम से कम 10 वर्ष के वकालत का अनुभव।
2. मौखिक एवं लेखन दोनों क्षेत्रों में संचार (Communication) की उत्कृष्ठ क्षमता।
3. आपराधिक विधि की अच्छी समझ व ज्ञान।
4. प्रतिरक्षा अधिवक्ता के नैतिक दायित्वों की पूरी जानकारी व समझ।
5. जिसमें नेतृत्व का गुण हो, जो अन्य व्यक्तियों के सांथ प्रभावी ढंग से एवं कुशलता पूर्वक कार्य करने में सक्षम हो।
6. जिसने अवश्य ही कम से कम 30 सत्र परीक्षणीय मामलों में अधिवक्ता के रूप में कार्य किया हो (30 सत्र परीक्षणीय मामलों में कार्य करने की शर्त यथोचित मामलों में शिथिल की जा सकती है)
7. कम्प्यूटर ज्ञान होने पर वरीयता दी जायेगी।
8. कार्यालय का प्रबन्धन करने की क्षमता के सांथ टीम की नेतृत्व करने की क्षमता हो।

**डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु आवश्यक योग्यता–**

1. आपराधिक मामलों में कम से कम 07 वर्ष के वकालत का अनुभव।
2. मौखिक एवं लेखन दोनों क्षेत्रों में संचार (Communication) की उत्कृष्ठ क्षमता।
3. आपराधिक विधि की अच्छी समझ व ज्ञान।
4. प्रतिरक्षा अधिवक्ता के नैतिक दायित्वों की पूरी जानकारी व समझ।
5. विधिक अनुसंधान में निपुण हो।
6. जिसने अवश्य ही कम से कम 20 सत्र परीक्षणीय मामलों में अधिवक्ता के रूप में कार्य किया हो (20 सत्र परीक्षणीय मामलों में कार्य करने की शर्त यथोचित मामलों में माननीय एक्जक्यूटिव चेयरमैन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिथिल की जा सकती है)
7. कार्य में प्रवीणता के सांथ आई0टी0 ज्ञान।

**असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु आवश्यक योग्यता–**

1. आपराधिक मामलों में शून्य से 03 वर्ष का अनुभव।
2. मौखित एवं लेखन दोनों क्षेत्रों में संचार (Communication) की उत्कृष्ठ क्षमता।
3. प्रतिरक्षा अधिवक्ता के नैतिक दायित्वों की पूरी जानकारी व समझ।
4. प्रभावी तथा कुशलता के सांथ कार्य करने का गुण।

5. कार्य में प्रवीणता के सांथ आई0टी0 ज्ञान।
6. लेखन और अनुसंधान में निपुणता।

**चयन प्रकिया—**

उपरोक्त पदों हेतु चयन समिति द्वारा प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। चयन पूर्ण रूप से योग्यता के आधार पर किया जायेगा। जिसमें अभ्यर्थी के विधिक ज्ञान, कौशल और अनुभव को ध्यान में रखा जायेगा। नियुक्ति चयन समिति द्वारा चयन के पश्चात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माननीय एक्जक्यूटिव चेयर के अन्तिम अनुमोदन के अधीन होगी। उपरोक्त तीनों श्रेणी के पदों पर चयन प्रारम्भतः 02 वर्षों के लिये संविदा पर किया जायेगा। कार्य सन्तोषजनक होने पर वार्षिक सेवा विस्तार किया जा सकेगा। नियुक्ति की अवधि में चयनित अभ्यर्थी द्वारा प्राईवेट केस में अधिवक्ता के रूप में कार्य करने तथा अन्य रिटेनरशिप का कार्य नहीं किया किया जायेगा।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 07.09.2022 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवेदन की अन्तिम तिथि को आज दिनांक 07.09.2022 से दिनांक 14.09.2022 को सायं 05:00 बजे तक बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुपालन में उपरोक्त पदों हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 14.09.2022 के सायं 05:00 बजे तक बढ़ायी जाती है। उपरोक्त तीनों पदों हेतु विज्ञापन के सांथ संलग्न प्रोफार्मा पूर्ण रूप से भर कर तथा प्रोफार्मा के अन्तिम पृष्ठ में दिये गये दस्तावेजों की स्वतः प्रमाणित प्रतियों के सांथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में दिनांक 14.09.2022 के सायं 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। नियत तिथि के पश्चात कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा जनपद न्यायालय भदोहीं की वेबसाईट http://districts.ecourts.gov.in/sant ravidas nagar एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट http://www.upslsa.up.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

चयन से सम्बन्धित विस्तृत विज्ञापन एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का विस्तृत दिशा निर्देश जनपद न्यायालय भदोहीं व माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट पर उपलब्ध है वहां से अवलोकन किया जा सकता है।

दिनांक— 07.09.2022

Subodh Singh 07.09.22
प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं।

प्रतिलिपि—
1. केन्द्रिय नाजिर नाजरात अनुभाग को जिला न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
2. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व जनपद न्यायालय के वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
3. अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन को बार एसोसिएशन के सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।
4. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी भदोहीं को इस आशय के सांथ प्रेषित की जनपद के समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन कराना सुनिश्चित करें तथा विज्ञापन का पेपर कटिंग कार्यालय प्राधिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।